कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, छठा तल, जवाहर भवन लखनऊ

संख्या– एम0ई0–3/2017/334 दिनांक 28 मई, 2017

विज्ञप्ति

नीट पी0जी0 2017 के सम्बन्ध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (एम0डी0/एम0एस0/पी0जी0 डिप्लोमा/एम0डी0एस0) हेतु Percentile डाउनग्रेड किये जाने के फलस्वरूप नीट पी0जी0 2017 की अर्हता क्षेत्र में आ रहे अभ्यर्थियों को प्रदेश के समस्त राजकीय मेडिकल कालेजों/विश्वविद्यालयों/संस्थानों/इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज, अलीगढ़, मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में प्रवेश हेतु एन0आई0सी0 की वेबसाइट https://upneet.gov.in पर आनलाइन पंजीकरण का अवसर प्रदान किया जाता है। इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा दिनांक–29 मई, 2017 को मध्यान्ह 12.00 बजे से दिनांक–30 मई, 2017 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक आन लाइन रजिस्ट्रेशन कराये जा सकते है। उक्त पंजीकरण हेतु रू0 1,000/–आन लाइन प्रकिया के माध्यम से जमा किया जायेगा। उपर्युक्तानुसार पंजीकरण अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग/प्रवेश प्रकिया एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ में आन–स्पाट दिनांक–31 मई, 2017 को प्रातः 10.00 बजे से सम्पादित की जायेगी।

2– पूर्व से पंजीकृत अभ्यर्थियों को पुनः पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है। पूर्व से पंजीकृत अभ्यर्थी अपने पंजीकरण का विवरण D.G.M.E. U.P. के ई–मेल dgmededu@ gmail.com पर दिनांक–30 मई, 2017 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक भेज दे।

3– राजकीय मेडिकल कालेजों/विश्वविद्यालयों/संस्थानों/इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज, अलीगढ़, मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में उपलब्ध सीटों का विवरण एवं पी0जी0 काउंसिलिंग हेतु शुल्क तथा अन्य आवश्यक दिशा–निर्देश महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 की अधिकृत वेबसाइट www.updgme.in पर उपलब्ध है।

महानिदेशक

संख्या–एम0ई0–3/2017/334(1) तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्रीजी, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को मा0 मंत्रीजी के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्रीजी, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को मा0 राज्य मंत्रीजी के सूचनार्थ।
3. अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2
4. समस्त सदस्य, काउंसिलिंग बोर्ड, नीट पी0जी0 2017, यू0पी0 काउंसिलिंग।
5. निदेशक/राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान अधिकारी, योजना भवन, लखनऊ।
6. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश, स्वास्थ्य भवन, लखनऊ।
7. कुलसचिव, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
8. अधिष्ठाता, उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा।
9. निदेशक, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ, डा0 रा0म0लो0 आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ, क्षेत्रीय नेत्र संस्थान, सीतापुर, आई0एम0एच0, आगरा।
10. प्रधानाचार्य, समस्त राजकीय मेडिकल कालेज, उत्तर प्रदेश।
11. परीक्षा नियंत्रक, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
12. निदेशक, इंस्टीटयूट आफ मेडिकल साइंसेज, बी0एच0यू0, वाराणसी।

13. मेसर्स एम0एम0एडवर्टाइजिंग, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना दैनिक जागरण, दैनिक हिन्दुस्तान, अमर उजाला के प्रदेश के समस्त संस्करण तथा हिन्दुस्तान टाइम्स के दिल्ली एवं लखनऊ संस्करण में दिनांक 29 मई 2017 को निश्चित रूप से सूक्ष्म अक्षरों तथा शासकीय दरों पर प्रकाशित करते हुये प्रकाशित प्रतियों सहित बिल भुगतान हेतु कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

(वी0एन0त्रिपाठी)
महानिदेशक